पत्नी की हत्या कर पति ने रची लूट की झूठी कहानी, गिरफ्तार

बयान बदलने पर पुलिस को हुआ शक

सुवंशा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के पटहटियाकला गांव में मंजू यादव (४४) की हत्या के मामले में पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर उनके पति अजय यादव को हिरासत में लेकर घटना का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में पति पर हत्या का आरोप सामने आया है। उसने शुरुआत में चार नकाबपोश बदमाशों के घर में घुसकर लूटपाट करने और पत्नी की हत्या करने की कहानी बतायी थी।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार देर रात पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। प्रारंभिक पूछताछ में शराब पीने की आदत को लेकर कहासुनी की बात सामने आई है। पति के बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को शक हुआ और जांच आगे बढ़ाई गयी। महिला का शव घर के कमरे में मिला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। अजय यादव फतनपुर बाजार में मेडिकल स्टोर चलाने के साथ ग्रामीण बैंक की टाइनी शाखा का संचालन भी करता है। दंपती के एक बेटा और एक बेटी हैं, जो पढ़ाई की तैयारी के सिलसिले में कानपुर में रह रहे हैं। मृतका के भाई मनोज ने आरोप लगाया कि पति-पत्नी के बीच करीब १५ वर्षों से विवाद चल रहा था। उसने अजय पर नशे की आदत और दूसरी महिला से संबंध होने का आरोप भी लगाया। सीओ रानीगंज प्रशांत हुड्डा और थाना प्रभारी मनोज कुमार तोमर के नेतृत्व में पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पटहटिया कला में महिला की हत्या के बाद बिलखते परिजन।

मधुमक्खियों के हमले में वृद्ध की मौत, तीन लोग घायल

बाबागंज, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के कोरीही पुरानाजिल्ला गांव में मधुमक्खियों के हमले से ८६ वर्षीय रामप्रताप की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, रामप्रताप पुत्र राममनोहर अपने नए घर पर रह रहे थे। शुक्रवार शाम घर से बाहर निकलते समय नीम के पेड़ पर लगे छत्ते से निकली मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। उन्हें बचाने पहुंचीं कमलादेवी (५०), दीपचंद (३०) और तीन वर्षीय अनन्या भी हमले में घायल हो गये।

परिजन सभी को भिटारा स्थित निजी अस्पताल ले गये, जहां उनका उपचार शुरू हुआ। रामप्रताप की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन शुक्रवार रात करीब नौ बजे रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।

अन्य तीनों घायलों का इलाज जारी है। शनिवार को रामप्रताप का श्रृंगवेरपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।



एनआईसी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं शिकायतें, दस का मौके पर निस्तारण

२०० फरियादी पहुंचे, भूमि विवादों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम भेजने के निर्देश

रानीगंज, प्रतापगढ़। तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल २०० फरियादियों ने अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र दिए। इनमें से १० शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित १०४, पुलिस विभाग की ६६, विकास विभाग की ११ और अन्य विभागों की १९ शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर गंभीरता से काररवाई की जाए और शिकायतों का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी तथा निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें और यह सुनिश्चित करें कि फरियादियों को न्याय मिले तथा वे निस्तारण से संतुष्ट हों। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए। टीम दोनों पक्षों की स्थिति का निष्पक्ष आकलन कर विवादों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करे, जिससे समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र और गरीब व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। समाधान दिवस में एसडीएम रानीगंज अनुराग सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संदिग्ध दशा में किशोरी का फंदे से लटकता मिला शव

दो दिन पहले मामा के घर आयी थी आरोही

पट्टी, प्रतापगढ़। कस्बे के सिविल लाइन मोहल्ले में शुक्रवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में १७ वर्षीय किशोरी की मौत हो गयी। उसका शव घर के भीतर फंदे से लटका मिला। घटना रात करीब ११ बजे की बतायी जा रही है। किशोरी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतका की पहचान आरोही (१७) पुत्री सूरज जायसवाल के रूप में हुई है। बताया गया कि वह प्रयागराज में रहकर पढ़ाई करती थी और दो दिन पहले अपने मामा शुभम जायसवाल के घर आई थी। शुक्रवार की रात घर में हुई घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कारवाई की। पट्टी कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि किशोरी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किशोरी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, छूटे और युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने के दिये निर्देश

सगरा और दहिलामऊ के बूथों पर विशेष कैंप की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



दहिलामऊ बूथ पर निरीक्षण करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

प्रतापगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-२०२७ के तहत रविवार को जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप आयोजित किये गये। इन कैंपों के माध्यम से मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए गये।

इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने प्राथमिक विद्यालय सगरा पहुंचकर बूथ संख्या २६, २७ और २८ का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष कैंप में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही आवेदनों पर की जा रही कारवाई की प्रगति भी जानी। इसके बाद जिलाधिकारी ने संविलियन विद्यालय दहिलामऊ स्थित बूथ संख्या ८४, ८५ और ८६ का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत छूटे हुए मतदाताओं और पहली बार मतदान के लिए पात्र हो रहे युवाओं के नाम सूची में शामिल करने की प्रक्रिया की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि बूथ क्षेत्र में ऐसे पात्र नागरिकों की पहचान कर उनसे अधिक से अधिक आवेदन भरवाए जाएं। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कारवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य किसी भी पात्र नागरिक को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने देना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभियान को सक्रियता और गंभीरता से संचालित करने तथा मतदाता सूची को अद्यतन बनाने के निर्देश दिए।

मेडिकल कालेज के नये प्राचार्य बने डा. देवजीत शर्मा

प्रतापगढ़। डा. सोनेलाल पटेल स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य पद पर डा. देवजीत शर्मा की नियुक्ति की गयी है। उन्होंने शनिवार को पूरे केशवराय स्थित मेडिकल कालेज परिसर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले वह अयोध्या मेडिकल कालेज में तैनात थे। उन्होंने डा. सोमनाथ का स्थान लिया है। कार्यभार संभालने के बाद डा. देवजीत शर्मा ने अस्पताल और विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां तैनात चिकित्सकों और कर्मचारियों से बातचीत कर उनका परिचय जाना। नए प्राचार्य के पहुंचने से शनिवार को मेडिकल कालेज और अस्पताल परिसर में हलचल रही। उनके पदभार ग्रहण करने को लेकर परिसर में तरह-तरह की चर्चाएं भी होती रहीं।

मुरैनी हत्याकांड में दस दोषियों को आजीवन कारावास

हत्या और जानलेवा हमले सहित कई धाराओं में सुनायी गयी सजा, प्रत्येक पर २५०० रुपये जुर्माना

बाबागंज, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव में हुए हत्या के मामले में न्यायालय ने १० दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

पुलिस के अनुसार, आपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के बाद विशेष ईसी/एनडीपीएस न्यायालय ने यह फैसला सुनाया। दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोषियों में हरि नारायण सिंह, हरि प्रताप सिंह, राजवती उर्फ ललित, मनीष सिंह, मनोज सिंह, तीर्थनाथ यादव, पारसनाथ यादव, स्वामीनाथ यादव, सचिन यादव और राकेश यादव शामिल हैं। सभी मुरैनी गांव के निवासी बताए गये हैं। मामले में २२ मई २०२० को संग्रामगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने १६ अगस्त २०२० को आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। न्यायालय ने हत्या और हत्या के प्रयास की धारा के तहत प्रत्येक दोषी को आजीवन कारावास और २५०० रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अन्य धाराओं में भी अलग-अलग सजाएं दी गईं। पुलिस ने फैसले का श्रेय अभियोजन की प्रभावी पैरवी को दिया है।

जिले के २१ केंद्रों पर होगी पीईटी परीक्षा, ५२,२७२ अभ्यर्थी होंगे शामिल

आयोग सचिव ने तैयारियों की समीक्षा कर दिये निर्देश

प्रतापगढ़। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-२०२६ को सकुशल, पारदर्शी, नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एनआईसी सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर और अपर जिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्य सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आयोग सचिव ने बताया कि पीईटी-२०२६ आगामी २५ और ३० अक्तूबर तथा एक नवंबर को आयोजित होगी। प्रदेश के करीब ३५.५० लाख अभ्यर्थी छह पालियों में परीक्षा देंगे। इसके लिए ६० जिलों में १३७२ परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। उन्होंने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाये रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आयोग ने इस वर्ष विभिन्न पदों के लिए २७ विज्ञापन जारी किये हैं, जिनमें करीब २८ हजार रिक्तियां शामिल हैं। अब तक १७ परीक्षाएं शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न करायी जा चुकी हैं। वहीं, २१ परीक्षाओं के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं, जिनमें लगभग १५ हजार अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसे सरकार के मिशन रोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। जिले में परीक्षा के लिए २१ केंद्र बनाये गये हैं, जहां कुल ५२,२७२ अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह १० से दोपहर १२ बजे और दूसरी पाली अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक चलेगी। प्रत्येक पाली में ८७१२ अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि २१ सेक्टर मजिस्ट्रेट और २१ स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

बीडीओ ने इंटरलाकिंग सड़क का किया उद्घाटन, मां दुर्गा के किये दर्शन

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा विकास खण्ड क्षेत्र के दियावां उमरा जमालपुर गांव में शुक्रवार की रात खंड विकास अधिकारी राजीव पांडेय ने श्री दुर्गा समिति की ओर से कराए गये इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। बीडीओ ने धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक कार्यों में सहभागिता का संदेश दिया। इस अवसर पर सुधाकर मिश्र, सुरेंद्र दुबे, आशीष दुबे, रामराज यादव, रुद्रमणि दुबे, राजेश यादव डब्बेलाल, कृष्णदत्त शुक्ल, राघव राम यादव, दयाराम यादव, रामसागर यादव, वीरेंद्र दुबे, पूर्व प्रधान रामकिशोर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

सर्पदंश से अधेड़ महिला की मौत, कोहराम

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के केरावडीह ग्राम पंचायत में शुक्रवार देर शाम जहरीले सांप के काटने से ५० वर्षीय महिला की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी विट्टन देवी पत्नी कामता प्रसाद साहू खाना खाने के बाद सीढ़ी से छत पर जा रही थीं। इसी दौरान सीढ़ी पर बैठे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया, जिससे वह अचेत हो गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए कुंडा ले गये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शरद श्रीवास्तव ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना दी और सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

आगामी विस चुनाव के लिए तैयार अपना दल, एनडीए में सीट बंटवारे पर होगी बात-अनुप्रिया

अद संस्थापक के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित हुई रैली

प्रतापगढ़। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों का संदेश दिया। वह अपने पिता अद संस्थापक डा. सोने लाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित रैली को सम्बोधित करने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि अपना दल २०२७ के विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर सहयोगी दलों के साथ बातचीत की जाएगी। उनके इस बयान को प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अनुप्रिया पटेल ने गठबंधन में सीटों के तालमेल को लेकर बातचीत का संकेत दिया। हालांकि, उन्होंने सीटों की संख्या या बंटवारे के किसी फार्मूले का खुलासा नहीं किया। माना जा रहा है कि चुनाव नजदीक आने के साथ एनडीए के घटक दलों के बीच इस मुद्दे पर चर्चा तेज होगी। अपना दल (एस) की ओर से चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की चुनौती भी रहेगी। गठबंधन में सीटों का तालमेल चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। ऐसे में सहयोगी दलों के साथ बातचीत के बाद ही सीटों को लेकर तस्वीर साफ हो सकेगी।

प्रतापगढ़ में अनुप्रिया पटेल के बयान के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गयी हैं। अब निगाहें पार्टी की आगामी गतिविधियों और एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर होने वाली बातचीत पर टिकी हैं।




नगर के जीआईसी में डा. सोनेलाल के चित्र भेंट करते महिलाएं।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं की दी गयी जानकारी

लालगंज, प्रतापगढ़। मिशन शक्ति अभियान के तहत कंपोजिट विद्यालय पूरे रामचंद्र की छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरे जोधा का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उन्हें अस्पताल में पर्चा बनवाने, दवा वितरण की प्रक्रिया और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारियां दी गईं। इसके साथ ही मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य और महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन से जुड़ी जानकारियां भी दी गयी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर अजय नंद सरोज ने छात्राओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और जरूरत पड़ने पर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लेने की जानकारी दी।

श्रीराम-भरत मिलाप का मंचन देखकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

सगरा सुंदरपुर की रामलीला में निकाली गयीं आकर्षक झांकियां



सगरासुन्दरपुर रामलीला में प्रस्तुति देते कलाकार।

लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़। सगरा सुंदरपुर में आयोजित रामकथा के दौरान रामलीला में श्रीराम और भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान श्रीराम से मिलने के लिए भरत जी के अयोध्यावासियों के साथ वन जाने और उनसे मिलन के प्रसंग को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

रामलीला के कलाकारों ने सूर्पनखा की नाक काटने और रावण के दरबार सहित विभिन्न प्रसंगों का जीवंत मंचन किया। कार्यक्रम के दौरान निकाली गयी आकर्षक झांकियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कलाकारों की प्रस्तुति ने लोगों को रामायण के प्रसंगों से जोड़ते हुए धार्मिक भावनाओं से सराबोर कर दिया। रामकथा और रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर शिव शंकर शुक्ल, रामसूरत तिवारी, संजय शुक्ल, रत्नाकर तिवारी, राजकुमार शुक्ल, राहुल तिवारी, शिवम मिश्रा, मोनू शर्मा और अतुल दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत अवनी बनीं एक दिन की प्रधानाचार्या

सुवंशा, प्रतापगढ़। मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को रामापुर स्थित विंध्यवासिनी बालिका इंटर कालेज में कक्षा १० की छात्रा अवनी तिवारी को एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या बनाया गया। इस दौरान छात्रा ने प्रधानाचार्या की जिम्मेदारी निभाते हुए विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षण कार्य सहित विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। एक दिन की प्रधानाचार्या बनने पर अवनी में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्रा को जिम्मेदारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की योग्यता विकसित करना रहा। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता मिश्रा, हिमांशु द्विवेदी, ममता मिश्रा, ललित दुबे और बंशीधर मिश्र सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मतदाता पुनरीक्षण अभियान में राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक

लालगंज, प्रतापगढ़। मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर शनिवार को एसडीएम चेंबर में राजनैतिक दलों के साथ बैठक हुई। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता एसडीएम वाचस्पति सिंह ने किया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि आगामी चौबीस अक्तूबर को बूथ डे होगा। इसमें सभी बीएलओ बूथ केन्द्रों पर सुबह के दस बजे से शाम के चार बजे तक मौजूद रहेंगे। एसडीएम ने बताया कि इस दौरान नए मतदाता फार्म भरकर बीएलओ के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घर जाकर छूटे हुए नामों के प्रपत्र को भी प्राप्त किया जाएगा। एसडीएम ने बैठक में कहा कि अभियान के तहत बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं की सूची पुनरीक्षण भी करेंगे। वहीं बैठक में राजनैतिक प्रतिनिधियों ने बूथ प्रबंधन पर अपने सुझाव दिये। एसडीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेबल एजेण्टों की सूची प्रदान करने की भी बात कही। इधर एसडीएम ने क्षेत्र के शीतलमऊ, डभियार, अमावां, सराय जगत सिंह आदि बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को मतदाता पुनरीक्षण अभियान से जुड़े आवश्यक निर्देश भी दिये।

लघु उद्योगों से दूर होगी बेरोजगारी की समस्या-आनंद पांडेय

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। बेरोजगारी देश की गंभीर सामाजिक और आर्थिक समस्या है। लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा कौशल विकास को बढ़ावा देकर इस पर अंकुश लगाया जा सकता है। यह बातें मुंबई के उद्योगपति एवं समाजसेवी आनंद पांडेय ने पट्टी के गंधियावां गांव स्थित शिव शक्ति धाम में दुर्गा पूजा समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी से युवाओं का आत्मविश्वास कमजोर होता है और परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना उनका उद्देश्य नहीं, बल्कि समाजसेवा और क्षेत्र के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम करना लक्ष्य है। कार्यक्रम से पहले युवाओं ने उनका स्वागत किया। अध्यक्षता डा. जलज मणि दुबे ने तथा संचालन सूरज पांडेय ने किया।

अतरौरा समिति में खाद-बीज का संकट किसानों ने तहसील में किया प्रदर्शन

एक साल से आपूर्ति न होने का आरोप

पट्टी, प्रतापगढ़। साधन सहकारी समिति अतरौरा में खाद और बीज की किल्लत से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। किसानों ने उपजिलाधिकारी पट्टी को ज्ञापन सौंपकर समिति में खाद-बीज की आपूर्ति बहाल कराने और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कारवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि समिति में पिछले एक वर्ष से यूरिया, डीएपी और उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। इससे किसानों को बुआई और खेती के अन्य कार्यों के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में उन्हें निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद और बीज खरीदने पड़ रहे हैं, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि खाद-बीज के लिए समिति के लगातार चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन मिलता है। समय पर कृषि सामग्री नहीं मिलने से फसलों की बुआई प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। किसानों ने प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की। एसडीएम को ज्ञापन देने वालों में लालमणि, द्रौपदी देवी, सुमित्रा, कृपाली, प्रेमा देवी, अनारा, शांति देवी और ओमप्रकाश सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समिति में खाद-बीज की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गयी तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

देवी आराधना से मिलता है अधिकार और न्याय की रक्षा का संदेश-प्रमोद

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शनिवार को रामपुरखास के दो दिवसीय दौरे के दौरान विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन-पूजन किया।

क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के पुत्र राघव के साथ उन्होंने धारूपुर, बेलहा, अझारा और असरही में लोककल्याण की कामना की। लालगंज बाजार में आयोजित कार्यक्रमों में प्रमोद तिवारी ने कहा कि शक्ति आराधना का पर्व लोकमंगल तथा जरूरतमंदों के अधिकार और न्याय की रक्षा का संदेश देता है।

नवरात्र में रात ८.४० बजे ही बंद मिला मां नायर देवी धाम का मुख्य द्वार

बाबागंज, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र में भी नगर पंचायत हीरागंज बाजार स्थित प्रसिद्ध मां नायर देवी धाम का मुख्य द्वार रात ८.४० बजे बंद मिला। इससे दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को निराश होकर लौटना पड़ा। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। बताया गया कि मंदिर परिसर में स्थित मुख्य मंदिर सहित अन्य देवी-देवताओं के मंदिर रात ८.३० बजे तक बंद कर दिये जाते हैं। शनिवार रात नगर पंचायत हीरागंज के चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय क्षेत्र के दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण करते हुए मां नायर देवी धाम पहुंचे। वहां मुख्य द्वारपर ताला लटका मिला। कई श्रद्धालुओंने बाहर से ही हाथ जोड़कर वापसी की। स्थानीय श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रबंधन समिति से नवरात्र के दौरान मंदिर के पट रात ११ बजे तक खुले रखने की मांग की है। साथ ही पुजारियों और सेवादारों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

एमएलसी चुनाव में मतदान के लिए सरकारी कर्मचारियों को २३ को विशेष अवकाश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ में मतदान के लिए २३ अक्तूबर को सरकारी कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार २३ अक्तूबर को मतदान होना है। आयोग के निर्देशों के क्रम में प्रतापगढ़ जिले में स्थित राज्य सरकार के सभी विभागों के ऐसे कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य होगा।

सातवें दिन मां कालरात्रि के दर्शन-पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

देवी मंदिरों में लगी कतारें, भक्तों ने की नारियल-चुनरी चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना

परियावां, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। क्षेत्र के ज्वाला देवी मंदिर मानिकपुर, माता मैया धाम परियावां, नौलखा मंदिर लवाना और भवानीगंज सहित विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी रही। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में नारियल, चुनरी और श्रृंगार सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ और धार्मिक अनुष्ठान किये गये। मां दुर्गा के पूजा पंडालों में भी विधिवत पूजन-अर्चन हुआ। महिलाओं ने देवी के सम्मान में मंगलगीत गाए और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कई श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कालरात्रि काल को जीतने वाली और भय का नाश करने वाली देवी हैं। उनका स्वरूप बुराई तथा नकारात्मक शक्तियों के विनाश का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र के सातवें दिन मां की आराधना करने से भक्तों को निर्भयता और साहस प्राप्त होने की मान्यता है। मंदिरों और पूजा पंडालों में दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि से परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण का आशीर्वाद मांगा।

मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता में चीफ प्राक्टर इलेवन ने १२ रन से दर्ज की जीत

शिवेंद्र दुबे बने मैन आफ द मैच, प्राचार्य इलेवन ने अंत तक किया संघर्ष



कालाकांकर में विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

परियावां, प्रतापगढ़। मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाकांकर में क्रीड़ा समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव और कुंवर अनूप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया।

मैत्रीपूर्ण मुकाबले में प्राचार्य इलेवन और चीफ प्राक्टर इलेवन की टीमों ने खेल भावना, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन का परिचय दिया। प्राचार्य इलेवन की कप्तानी प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने, जबकि चीफ प्राक्टर इलेवन की कमान प्रो. रामकरन ने संभाली। रोमांचक मुकाबले में चीफ प्राक्टर इलेवन ने प्राचार्य इलेवन को १२ रन से हराकर जीत हासिल की। प्राचार्य इलेवन के भूपेश सिंह ने अंत तक संघर्ष जारी रखा। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिवेंद्र दुबे को मैन आफ द मैच चुना गयइं प्रतियोगिता में कुंवर अनूप सिंह ने मैच रेफरी की भूमिका निभाई।

बीकाम के छात्र आर्यन द्विवेदी और प्रो. रेखा सिंह ने कमेंट्री से मुकाबले को रोचक बनाया। प्रो. रेखा सिंह की प्रभावशाली कमेंट्री ने खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

प्रतियोगिता में भूपेश प्रताप सिंह, डा. शशिकांत मिश्र, नासिर जिलानी, अनिल, फरहान, एसपी चौहान सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों में शिवेंद्र दुबे, सुधाकर, विमल, नितिन और आवेश ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। आयोजन में महाविद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही।

IS 15700:2018 उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड प्रयागराज-02
सी0-1,2,3 इन्दु बिहार योजना, प्रतापगढ़-230001
E-mail: cu5pratapgarh@gmail.com
सेवोत्तम प्रमाणित

पत्रांक-2096/एल-11/217 दिनांक 17.10.2026

ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा खण्ड कार्यालय के पत्रांक 2095/एल-11/216 दिनांक 17.10.2026 के माध्यम से ई-निविदा सूचना आमंत्रित की गयी है। ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण परिषद की वेबसाईट www.upavp.in तथा http://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

(अभिषेक वर्मा), अधिशासी अभियन्ता

IS 15700:2018 उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड प्रयागराज-02
सी0-1,2,3 इन्दु बिहार योजना, प्रतापगढ़-230001
E-mail: cu5pratapgarh@gmail.com
सेवोत्तम प्रमाणित

पत्रांक-2094/एल-11/215 दिनांक 17.10.2026

ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा खण्ड कार्यालय के पत्रांक 2093/एल-11/214 दिनांक 17.10.2026 के माध्यम से ई-निविदा सूचना आमंत्रित की गयी है। ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण परिषद की वेबसाईट www.upavp.in तथा http://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

(अभिषेक वर्मा), अधिशासी अभियन्ता